# मेवाड़ विश्वविद्यालय में केम्पस प्लेसमेंट शुरू

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय केम्पस प्लेसमेन्ट शिविर के पहले दिन गुरुवार को सीएट टायर्स बड़ोदरा द्वारा डिप्लोमा मेकैनिकल एवं इलेक्ट्रीकल के प्रतिभागियों के साक्षात्कार लिए गए। जिला रोजगार अधिकारी आलोक शुक्ला ने बताया कि साक्षात्कार में मेवाड़ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमन्द, जयपुर, जोधपुर एवं नीमच आदि शहरों के आशार्थी भी सम्मिलित हुए। प्रतिभागियों में सीएट टायर्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में रोजगार पाने के स्वर्णिम अवसर प्राप्त होन पर उत्सुकता दिखी। भर्ती प्रक्रिया में सर्व प्रथम संस्थान के एच.आर. द्वारा व्याख्यान दिया गया। इसके बाद दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया एवं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए एवं प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्लेसमेन्ट शिविर में कुल 84 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें 9 प्रतिभागी अंतिम रूप से चयनित हुए। उन्होंने बताया कि आज विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः 10.30 बजे एमएसएस इण्डिया प्रा.लि. नासिक द्वारा बी.टेक मेकेनिकल एवं डिप्लोमा मेकेनिकल प्रतिभागियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिसमें मेवाड़ विश्वविद्यालय के अलावा अन्य शिक्षण संस्थानों के बी.टेक मेकेनिकल एवं डिप्लोमा मेकेनिकल के अभ्यर्थी पात्र होंगे।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट शिविर शुरू

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**चित्तौड़गढ़.** मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय केम्पस प्लेसमेन्ट शिविर के पहले दिन गुरुवार को डिप्लोमा मेकैनिकल एवं इलेक्ट्रीकल के प्रतिभागियों के साक्षात्कार लिए गए।

जिला रोजगार अधिकारी आलोक शुक्ला ने बताया कि साक्षात्कार में मेवाड़ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमन्द,जयपुर, जोधपुर एवं नीमच आदि शहरों के आशार्थी भी सम्मिलित हुए। प्लेसमेन्ट शिविर में कुल 8 4 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें 9 प्रतिभागी अंतिम रूप से चयनित हुए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 10.30 बजे से साक्षात्कार लिए जाएंगे।

ASIA'S MOST
PROMISING BRAND
VALIDATED BY CONSUMERS & INDUSTRY